Need to probe into the reported money laundering case in Nashik Merchant Co-operative Bank (NAMCO Bank) in Malegon, Maharashtra ? Laid

डॉ. बच्छाव शोभा दिनेश (धुले) : मैं नासिक मर्चेंट को-ऑपरेटिव बैंक (NAMCO बैंक), मालेगांव शाखा में हुए अत्यंत गंभीर और चिंताजनक मनी लॉन्ड्रिंग मामले की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं । हाल ही में हुई जांच में देशभर के 21 राज्यों में फैले एक व्यापक अभियान के तहत ₹114 करोड़ से अधिक की फाइनेंसियल फ्रॉड का खुलासा हुआ है । प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि इस फ्रॉड के लिए कई शेल कंपनियां और व्यवसायिक संस्थाएं बनाई गई थीं । ये अवैध धन कोल्हापुर, मुंबई और पुणे के खातों से भेजा जा रहा था । यह विषय अत्यंत गंभीर है । इस पैमाने की फाइनेंसियल फ्रॉड सार्वजनिक संस्थानों में लोगों के विश्वास को कम करती है । मैं सरकार से इस मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (SIT), भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो (ACB), और भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के माध्यम से कार्रवाई की और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने का अनुरोध करती हूं । मैं सरकार से आग्रह करती हूं कि हमारे संस्थानों की अखंडता की रक्षा के लिए और जनता के विश्वास को बहाल करने के लिए तुरंत कदम उठाए ।